तेंदुए के क्षेत्र में बरती जाने वाली सावधानियाँ

- कभी भी तेंदुए का पीछा न करें, डर के कारण वह हमला कर सकता है।
- बच्चों व महिलाओं को अकेला न छोडें।
- शौच को जाने तथा अंधेरे में बाहर निकलते समय गाना गाते हुए, बात करते हुए अथवा ट्रांजिस्टर को बजाते हुए जाऐं।
- जब भी तेंदुआ दिखाई दें, जोर से चिल्लाएं, हाथ हिलाए किन्तु उसका पीछा न करें।
- बच्चें बाहर निकलते हुए हमेशा झुण्ड में निकलें।

www.projectwaghoba.in

- तेंदुआ गांव के पास रह सकता है, यदि रहने के लिए खाना और अनुकूलित वातावरण उपलब्ध हो।
- घर व गांव के आसपास पालतु कुत्ते, बकरी व सुअर, तेंदुए को आकर्षित करते हैं।
- आसपास का कचरा आवारा जानवरों को आकर्षित करता है और आवारा जानवर तेंदुए को।

तेंदुए का भोजन

- अपने पशुधन की रक्षा करें।
- जंगली शिकार अगर तेंदुए को उपलब्ध हो, तो पालतू जानवरों पर हमले कम होंगे।
- जंगली पशुधन की रक्षा करें।

तेंदुओं की जीवनशैली

- तेंदुआ लोगों से ड़रता है और आमतौर पर मनुष्यों से बचकर रहने की कोशिश करता हैं।
- तेंदुए अपने क्षेत्र की सीमा के अंदर रहना पसंद करते हैं।
- तेंदुए अपने क्षेत्र को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और उसके चप्पे चप्पे से परिचित होते हैं।
- तेंदुआ को अपने क्षेत्र से निकाल देने पर, कोई छोटा तेंदुआ उस जगह को घर बना लेता है। जगह से परिचित न होने के कारण मनुष्यों व पालतू जानवरों से उसके संघर्ष की संभावनाएँ बढ जाती हैं।

गाँव के नजदीक तेंदुओं की संख्या कैसे कम करें

- आवारा कुत्ते, सुअर, बकरी आदि गाँव के आसपास न रहने दें।
- अपने पशुओं की हमेशा रक्षा करें।
- आसपास के जंगलों में जंगली जानवरों की संख्या कम न होने दे ताकि तेंदुओं को उनका जंगली शिकार मिल सके।
- फंदा बिछाने को प्रोत्साहित न करें। घायल तेंदुआ खतरनाक हो सकता है क्योंकि वह ठीक से शिकार नही कर पाता है।

The Rufford Foundation
www.rufford.org

WILDLIFE CONSERVATION SOCIETY